देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 08.04.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- अमरीका और ईरान दो सप्ताह के लिए युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन पर हुए सहमत।
- अपर आयुक्त खाद्य पीएस पांगती ने कहा— प्रदेश में घरेलू एलपीजी, डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य।
- 'स्कूल चलो अभियान' के तहत प्रदेश के विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव, विद्यालयों में कक्षा 1 से 12वीं तक 67 हजार 815 नये बच्चों को दखिला दिया गया।
- टिहरी झील में 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता आज से शुरू होगी, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन।

युद्धविराम

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर बड़ी पहल सामने आई है। दोनों देशों ने शर्तों के साथ दो सप्ताह के सीज़फायर के संकेत दिए हैं, जिससे हालात सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो सप्ताह के युद्धविराम के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा है कि यदि होरमुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सुचारु रूप से जारी रहने दी जाती है, तो दोनों पक्षों के बीच दोतरफा सीज़फायर लागू किया जा सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने सैन्य उद्देश्यों को हासिल कर चुका है और अब स्थिति सुलझने के करीब है।

इससे पहले ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि यदि उसकी मांगें नहीं मानी गईं, तो अमेरिका बिजली संयंत्रों और पुलों जैसे अहम ढांचों को निशाना बना सकता है।

वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि यदि ईरान पर हमले रोके जाते हैं तो वह युद्धविराम के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह के लिए होरमुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए ईरान की सशस्त्र सेनाओं के साथ समन्वय किया जाएगा।

प्रेस वार्ता

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के अपर आयुक्त पी.एस. पांगती ने कहा है कि प्रदेश में घरेलू एलपीजी, डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी, देहरादून में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर खाद्य आयुक्त ने राज्य में गैस आपूर्ति और खाद्य सुरक्षा को लेकर जानकारी दी।

श्री पांगती ने राज्य में ईंधन आपूर्ति को लेकर विभिन्न जानकारियां साझा कीं।

अपर आयुक्त ने बताया कि चारधाम यात्रा और विवाह सीजन को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई हैं। इसके तहत होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को प्रतिदिन 6 हजार 310 गैस सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही केंद्र सरकार से अप्रैल से नवंबर तक व्यावसायिक एलपीजी का 100 प्रतिशत कोटा बनाए रखने और 5 प्रतिशत अतिरिक्त कोटा देने का अनुरोध किया गया है। प्रवासी मजदूरों और विद्यार्थियों के लिए 5 किलो के छोटे सिलेंडर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिन्हें पहचान पत्र के आधार पर किसी भी गैस एजेंसी से लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अंत्योदय और प्राथमिक परिवारों को अप्रैल माह में तीन महीने का राशन एक साथ दिया जा रहा है।

एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए राज्य में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक हजारों निरीक्षण और छापेमारी के साथ कई मामलों में एफआईआर और गिरफ्तारियां की गई हैं।

मॉक अभ्यास

चारधाम यात्रा के दौरान आपदा से निपटने की तैयारियों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से दस अप्रैल को संयुक्त रूप से मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, देहरादून और हरिद्वार सहित सात जिलों में किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना और तैयारियों का परीक्षण करना है। कार्यक्रम के तहत 8 अप्रैल को राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, आईटी पार्क देहरादून में टेबल टॉप अभ्यास भी आयोजित होगा।

नियुक्ति

उत्तराखंड में राजनैतिक दलों द्वारा 20 हजार से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने 89 प्रतिशत और कांग्रेस ने 84 प्रतिशत बीएलए नियुक्त कर लिए हैं, जबकि कुछ जिलों में दोनों दलों ने शत प्रतिशत नियुक्ति भी पूरी कर ली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी दलों से जल्द शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आगामी विशेष पुनरीक्षण अभियान में मतदाता सूची को सही करने में बीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

स्कूलों में प्रवेशोत्सव

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत आयोजित 'प्रवेशोत्सव' धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर के राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 01 से 12वीं तक 67 हजार 815 नये बच्चों को दखिला दिया गया। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर 'प्रवेशोत्सव' कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नव प्रवेशित बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश भी दिये।

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेशभर के विद्यालयों में आयोजित 'प्रवेशोत्सव' कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर पर 24 हजार 381, उच्च प्राथमिक स्तर पर 31 हजार 8 और माध्यमिक स्तर पर 12 हजार 426 विद्यार्थियों को विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश दिया गया। विद्यालयों में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का फूल–मालाओं से स्वागत किया गया, साथ ही उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गई। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके लिये सरकार नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयों में बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करा रही है।

प्रतियोगिता आयोजन

टिहरी झील में 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोट्‌र्स क्लस्टर प्रतियोगिता आज से शुरू हो रही है। भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 12 अप्रैल तक चलेगी। इसका उद्‌घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर की 19 पुलिस टीमों के 440 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कैनोइंग, रोइंग और कायकिंग सहित कुल 52 स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इसमें राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के प्रतिभागी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टिहरी झील में होने वाला यह आयोजन खेल के साथ–साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के 37वें दीक्षांत समारोह में 1 हजार 395 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। 36 मेधावी छात्रों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में विद्यार्थी बाजार का उद्घाटन भी किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के विद्यार्थी बाजार विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की गुणवत्ता एवं नवाचार की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, साइबर टेक्नोलॉजी और स्पेस साइंस जैसी आधुनिक तकनीकों ने दुनिया को तेजी से बदल दिया है। ऐसे समय में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा शहद, मिलेट्स और अरोमा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसे स्वास्थ्य व कृषि के लिए महत्वपूर्ण बताया।

समीक्षा बैठक

प्रदेश के आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री मदन कौशिक ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय की समस्याओं के निराकरण को लेकर महानिदेशक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निराकरण करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि अन्य विभागों के साथ बैठक कर जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाये। उन्होंने धर्मशालाओं और बड़े होटलों को आयुर्वेद से जोड़ने को लेकर अधिकारियों से योजना बनाने को कहा। कहा कि प्रदेश में आयुर्वेद को बड़े संसाधन के तौर पर स्थापित करना हमारा संकल्प है। आयुष विभाग द्वारा ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर वैलनेस तथा योग एवं पंचकर्म जैसी सुविधाओं को जोड़ने के लिए अवधारणा लागू करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।